<u>यूपीजीआईएस-2023</u>

अब यह वह प्रदेश नहीं है, जो 6 वर्ष पहले हुआ करता था: मा. सीएम

निवेश महाकुंभ (जीआईएस-23) के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की

सिंगापुर के उद्यमियों ने 29 हजार करोड़ के 20 एमओयू किए हस्ताक्षरित

सीएम योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश में अध्यात्म और ईको टूरिज्म में अपार संभावनाएं हैं

11 फरवरी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बदल चुका है। अब यह वह प्रदेश नहीं है, जो 6 वर्ष पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मंत्र 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' को आत्मसात कर 'नए भारत का नया उत्तर प्रदेश' देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश में सबसे अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में है। यही नहीं भारत में सबसे उर्वरा भूमि और जल संसाधन यहीं पर है। सीएम योगी ने कहा कि यहां के हर जनपद के अपने उत्पाद हैं। इन परम्परागत उत्पादों को हमने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के रूप में आगे बढ़ाया है। इससे प्रदेश के निर्यात में भरी वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यस्था बनाने के लिए प्रदेश में चल रहे निवेश महाकुंभ (जीआईएस-23) के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की आजादी में सिंगापुर का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि पार्टनर कंट्री के तौर पर सिंगापुर जीआईएस-23 से जुड़ने वाला सबसे पहला देश है। जिस तरह से निवेशक यूपी में निवेश कर रहे हैं 2027 तक उत्तर प्रदेश अपनी अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर की बनाने में सफल रहेगा।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अध्यात्म और ईको टूरिज्म में अपार संभावनाएं हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बन जाने से वाराणसी में प्रत्येक माह एक करोड़ पर्यटक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होने से दस गुना पर्यटक बड़े हैं। नैमिष में भारत के वैदिक साहित्य का लेखन हुआ है। हस्तिनापुर में शुक तीर्थ का हम विकास कर रहे हैं। ब्रज तीर्थ बोर्ड के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि का विकास किया जा रहा है। इससे पर्यटकों को सुविधा मिलेगी।

सीएम योगी ने कहा कि हमारे यहां 9 एयरपोर्ट संचालित हैं। दस पर कार्य प्रगति पर है। सभी एयरपोर्ट के संचालित हो जाने पर यूपी देश में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला राज्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम जलमार्ग नेटवर्क पर भी कार्य कर रहे हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी उत्तर प्रदेश में पिछले छ वर्षों में काफी कार्य हुए हैं। दिल्ली मेरठ रैपिड रेल जल्दी शुरू होने वाली है। प्रदेश के पांच शहरों में मेट्रो की सुविधा उपलब्ध है। एक्सप्रेसवेज़ के माध्यम से हम पूरे प्रदेश को जोड़ने में सफल रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने निवेशकों की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखता है। हमारी उद्योग अनुकूल नीतियों से प्रदेश का औद्योगिक माहौल बदला है। उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार 25 सेक्टोरल पॉलिसीज तैयार की गई हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर, इलेक्ट्रोनिक्स में भी संभावनाएं हैं।

अपने दूसरे घर जैसा लगता है उत्तर प्रदेश: सिंगापुर के उच्चायुक्त

17 उद्यमियों के साथ सीएम योगी से मुलाकात करने पहुंचे सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग ने कहा कि हमने 29 हजार करोड़ के 20 एमओयू साइन किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के उद्यमि शिक्षा, स्मार्ट सिटी, सेफ सीटी, वेस्ट मैनेजमेंट, डाटा सेंटर सहित कई अन्य क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश आद्यौगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से जिस तरह से निवेशकों को सहयोग मिल रहा है उससे अन्य निवेशक भी उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगे। सिंगापुर के उच्चायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश मुझे अपने दूसरे घर जैसा लगता है। यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।